**Series : W4YXZ**

**SET ~ 3**

**प्रश्न-पत्र कोड**
**Q.P. Code 67/4/3**

**रोल नं.**
**Roll No.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **39** हैं।
Please check that this question paper contains **39** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।
Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है — **भाग क** तथा **भाग ख**।*

*(iii)* ***भाग क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iv)* ***भाग ख** के दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।*

***विकल्प I : वित्तीय विवरणों का विश्लेषण***

***विकल्प II : अभिकलित्र लेखांकन***

*(v)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **27** से **30** (भाग ख) बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **17** से **20** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **31** और **32** (भाग ख) लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(vii)* *प्रश्न संख्या **21, 22** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **33** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।*

*(viii)* *प्रश्न संख्या **23** से **26** (भाग क) तथा प्रश्न संख्या **34** (भाग ख) दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रत्येक भाग के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## भाग क

## (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

**1.** राकेश तथा सोमेश एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। मोक्ष को फर्म के लाभों में $\frac{3}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। मोक्ष अपने भाग की पूँजी के रूप में ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के रूप में ₹ 6,00,000 लाया। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 30,00,000

(B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 15,00,000

(D) ₹ 10,00,000

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **two** parts — **Part A** and **Part B**.*

*(iii)* ***Part A** is **compulsory** for all candidates.*

*(iv)* ***Part B** has two options. Candidates have to attempt only **one** of the given options.*

***Option I : Analysis of Financial Statements***

***Option II : Computerised Accounting***

*(v)* *Questions number **1** to **16** (Part A) and Questions number **27** to **30** (Part B) are multiple choice questions. Each question carries **1** mark.*

*(vi)* *Questions number **17** to **20** (Part A) and Questions number **31** and **32** (Part B) are short answer type questions. Each question carries **3** marks.*

*(vii)* *Questions number **21, 22** (Part A) and Question number **33** (Part B) are Long answer type-I questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* *Questions number **23** to **26** (Part A) and Question number **34** (Part B) are Long answer type-II questions. Each question carries **6** marks.*

*(ix)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in few questions in each of the parts.*

## PART A

## (Accounting for Partnership Firms and Companies)

**1.** Rakesh and Somesh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3. Moksh was admitted as a new partner for $\frac{3}{5}$th share in the profits of the firm. Moksh brought ₹ 3,00,000 as his share of capital and ₹ 6,00,000 as his share of goodwill premium. The value of the firm's goodwill was : *1*

(A) ₹ 30,00,000

(B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 15,00,000

(D) ₹ 10,00,000

**2.** एकलव्य, फतेह तथा गिरीश ने 1 जनवरी, 2024 को ₹ 30,00,000 प्रत्येक की पूँजी के साथ एक साझेदारी फर्म में प्रवेश किया। साझेदारी संलेख में पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज का प्रावधान था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म ने ₹ 5,25,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया। एकलव्य के पूँजी खाते में हस्तांतरित की गई लाभ की राशि थी : *1*

(A) ₹ 4,75,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 1,00,000

**3.** 'एक साझेदारी फर्म का व्यवसाय सभी साझेदारों द्वारा अथवा सभी साझेदारों की तरफ से किसी एक साझेदार द्वारा किया जा सकता है।'

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से साझेदारी की किस विशेषता पर प्रकाश डालता है ? *1*

(A) समझौता (B) व्यवसाय

(C) लाभ का विभाजन (D) पारस्परिक एजेंसी

**4.** रीमा, मीशा तथा शिखा एक साझेदारी फर्म में साझेदार थीं तथा 8 : 7 : 5 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अक्टूबर, 2023 को रीमा ने फर्म को ₹ 5,00,000 का एक ऋण दिया। यहाँ कोई साझेदारी संलेख नहीं है। रीमा के ऋण पर ब्याज लगाने से पूर्व 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 2,15,000 था। शिखा के पूँजी खाते में क्रेडिट की गई लाभ की राशि थी : *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 50,000 (D) ₹ 42,500

**5.** नीरू तथा पूजा एक साझेदारी फर्म में साझेदार थीं तथा 4 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। पिछले कुछ वर्षों में फर्म ने ₹ 5,00,000 का औसत लाभ अर्जित किया। समान व्यवसाय में सामान्य प्रतिफल दर 10% है। फर्म का औसत अधिलाभ ₹ 4,00,000 था। फर्म द्वारा विनियोजित पूँजी की राशि थी : *1*

(A) ₹ 90,00,000 (B) ₹ 40,00,000

(C) ₹ 50,00,000 (D) ₹ 10,00,000

**6.** कबीर तथा लारा एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। मार्क को फर्म के लाभों में $\frac{2}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। सभी समायोजनों के पश्चात् मार्क को कबीर तथा लारा की संयुक्त पूँजी के $\frac{2}{5}$ भाग के बराबर पूँजी लानी थी। सभी समायोजनों के पश्चात् कबीर तथा लारा की पूँजी क्रमशः ₹ 8,00,000 तथा ₹ 7,00,000 थी। मार्क द्वारा लाई गई पूँजी थी : *1*

(A) ₹ 3,75,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 15,00,000

2. Eklavya, Fateh and Girish entered into a partnership firm on 1st January, 2024 with capitals of ₹ 30,00,000 each. The partnership deed provided for interest on capital @ 10% per annum. The firm earned a net profit of ₹ 5,25,000 for the year ended 31st March, 2024. The amount of profit transferred to Eklavya's capital account was : *1*

(A) ₹ 4,75,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 2,00,000 (D) ₹ 1,00,000

3. 'The business of a partnership firm may be carried on by all the partners or any of them acting for all.'

The above statement highlights which of the following feature of partnership ? *1*

(A) Agreement (B) Business

(C) Sharing of profit (D) Mutual agency

4. Reema, Meesha and Shikha were partners in a partnership firm sharing profits and losses in the ratio of 8 : 7 : 5. On 1st October, 2023, Reema advanced a loan of ₹ 5,00,000 to the firm. There is no partnership deed. The firm's profit for the year ended 31st March, 2024 before charging interest on Reema's loan amounted to ₹ 2,15,000. The amount of profit credited to Shikha's capital account was : *1*

(A) ₹ 80,000 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 50,000 (D) ₹ 42,500

5. Neeru and Pooja were partners in a partnership firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3. The firm earned average profits of ₹ 5,00,000 during the last few years. The normal rate of return in a similar business is 10%. The average super profits of the firm were ₹ 4,00,000. The amount of capital employed by the firm was : *1*

(A) ₹ 90,00,000 (B) ₹ 40,00,000

(C) ₹ 50,00,000 (D) ₹ 10,00,000

6. Kabir and Lara were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. Mark was admitted as a new partner for $\frac{2}{5}^{th}$ share in the profits of the firm. Mark was to bring $\frac{2}{5}^{th}$ of the combined capital of Kabir and Lara after all adjustments are carried out. The capitals of Kabir and Lara after all adjustments were ₹ 8,00,000 and ₹ 7,00,000 respectively. The capital brought by Mark was : *1*

(A) ₹ 3,75,000 (B) ₹ 3,00,000

(C) ₹ 6,00,000 (D) ₹ 15,00,000

**7.** प्रखर तथा राजन एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे, उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 10,00,000 तथा ₹ 9,00,000 थी। सिद्धार्थ को फर्म के लाभों में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया। प्रखर, राजन तथा सिद्धार्थ के मध्य 12 : 8 : 5 के नए लाभ विभाजन अनुपात की सहमति हुई। प्रखर तथा राजन का त्याग अनुपात होगा : *1*

(A) 3 : 2 (B) 1 : 1

(C) 2 : 3 (D) 10 : 9

**8.** दीक्षा लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। संपूर्ण राशि का भुगतान आवेदन पर देय था। 3,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। कम्पनी ने सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों को आबंटित करने का निर्णय लिया। कंपनी द्वारा वापिस की गई राशि थी : *1*

(A) ₹ 22,00,000

(B) ₹ 33,00,000

(C) ₹ 11,00,000

(D) ₹ 20,00,000

**9.** (क) 'संचित पूँजी' का उपयोग : *1*

(A) कम्पनी के जीवनकाल में कभी भी किया जा सकता है।

(B) केवल कम्पनी के समापन पर किया जा सकता है।

(C) पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए किया जा सकता है।

(D) पूर्वाधिकार अंशों के शोधन पर प्रीमियम का प्रावधान करने के लिए किया जा सकता है।

**अथवा**

(ख) व्यक्तियों के चयनित समूह को प्रतिभूतियों के प्रस्ताव अथवा प्रतिभूतियों के अभिदान का निमंत्रण कहलाता है : *1*

(A) स्वैट इक्विटी

(B) कर्मचारी पूँजी विकल्प योजना

(C) निजी निर्गमन

(D) अंशों का पुन:क्रय

**7.** Prakhar and Rajan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 with capitals of ₹ 10,00,000 and ₹ 9,00,000 respectively. Siddharth was admitted as a new partner for $\frac{1}{5}^{th}$ share in the profits of the firm. The new profit sharing ratio between Prakhar, Rajan and Siddharth was agreed at 12 : 8 : 5. The sacrificing ratio of Prakhar and Rajan will be : *1*

(A) 3 : 2 (B) 1 : 1

(C) 2 : 3 (D) 10 : 9

**8.** Diksha Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of 10%. The whole amount was payable on application. Applications were received for 3,00,000 equity shares. The company decided to allot the shares on pro-rata basis to all the applicants. The amount refunded by the company was : *1*

(A) ₹ 22,00,000 (B) ₹ 33,00,000

(C) ₹ 11,00,000 (D) ₹ 20,00,000

**9.** (a) 'Reserve Capital' can be utilised : *1*

(A) any time during the life of the company.

(B) only at the time of winding up of the company.

(C) to issue fully paid bonus shares.

(D) to provide for premium on the redemption of preference shares.

**OR**

(b) An offer of securities or invitation to subscribe securities to a select group of persons is called : *1*

(A) Sweat equity

(B) Employee Stock Option Plan

(C) Private placement

(D) Buy-back of shares

**10.** *अभिकथन (A) :* साझेदारों के वेतन को लाभ-हानि विनियोजन खाते में डेबिट किया जाता है न कि लाभ-हानि खाते में।

*कारण (R) :* साझेदारों का वेतन लाभ का विनियोग है, यह लाभों के विरुद्ध एक प्रभार नहीं है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं।

**11.** व्हाइट, शॉन तथा टॉड एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि का विभाजन बराबर-बराबर करते थे। शॉन की पत्नी ने फर्म को ₹ 1,00,000 का ऋण पहले से दिया हुआ था। फर्म का विघटन हो गया। शॉन की पत्नी का ऋण पहले ही वसूली खाते में हस्तांतरित कर दिया गया था। शॉन की पत्नी के ऋण का भुगतान करने पर क्रेडिट किया जाने वाला खाता था : *1*

(A) शॉन का पूँजी खाता

(B) बैंक खाता

(C) वसूली खाता

(D) शॉन का ऋण खाता

**12.** (क) 1 अप्रैल, 2023 को शिवालिक लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 7% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया। 31 मार्च, 2024 को ₹ 1,00,000, ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को लाभ-हानि विवरण से पूर्ण रूप से अपलिखित कर दिया गया। ऋणपत्रों के निर्गमन पर, 'ऋणपत्र खाते' को ________ से क्रेडिट किया गया। *1*

(A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 19,00,000 (D) ₹ 1,00,000

**अथवा**

(ख) केया लिमिटेड ने 1 अप्रैल, 2023 को ₹ 100 प्रत्येक के 2,00,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के बट्टे पर किया। ब्याज का भुगतान प्रति वर्ष अर्धवार्षिक आधार पर 30 सितम्बर तथा 31 मार्च को देय होता है। 31 मार्च, 2024 को अपलिखित ब्याज था : *1*

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 14,40,000

(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,20,000

**10.** *Assertion (A) :* Partners' salary is debited to Profit and Loss Appropriation Account and not to Profit and Loss Account.

*Reason (R) :* Partners' salary is an appropriation of profit, it is not a charge against profits.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Both Assertion (A) and Reason (R) are incorrect.

**11.** White, Shaun and Todd were partners in a firm sharing profits and losses equally. Shaun's wife had advanced a loan of ₹ 1,00,000 to the firm. The firm was dissolved. Shaun's wife's loan had already been transferred to Realisation account. The account credited to discharge Shaun's wife's loan will be : *1*

(A) Shaun's capital account

(B) Bank account

(C) Realisation account

(D) Shaun's loan account

**12.** (a) Shivalik Ltd. issued 7% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% on 1st April, 2023. Discount on issue of debentures, ₹ 1,00,000 was completely written off through Statement of Profit and Loss on 31st March, 2024. On issue of debentures, 'Debentures Account' was credited with ____________. *1*

(A) ₹ 10,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 19,00,000 (D) ₹ 1,00,000

**OR**

(b) Keya Ltd. issued 2,00,000, 8% debentures of ₹ 100 each at 10% discount on 1st April, 2023. Interest is payable half-yearly on 30th September and 31st March every year. Interest written off on 31st March, 2024 was : *1*

(A) ₹ 16,00,000 (B) ₹ 14,40,000

(C) ₹ 8,00,000 (D) ₹ 7,20,000

**13.** (क) तविश, उमेश तथा वरुन एक फर्म में साझेदार थे तथा 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। तविश सेवानिवृत्त हो गया। उमेश तथा वरुन ने भविष्य में लाभ-हानि 5 : 3 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया। उमेश का अभिलाभ भाग होगा : *1*

(A) $\frac{21}{72}$ (B) $\frac{11}{72}$ (C) $\frac{45}{72}$ (D) $\frac{32}{72}$

**अथवा**

(ख) असित, सोनू तथा हिना एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। असित सेवानिवृत्त हो गया तथा संचयों व परिसंपत्तियों एवं देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवश्यक समायोजनों के पश्चात् उसके पूँजी खाते में ₹ 40,00,000 का शेष था। सोनू तथा हिना उसके दावे के पूर्ण निपटान के लिए ₹ 45,00,000 का भुगतान करने के लिए सहमत हो गए। फर्म की ख्याति का मूल्य था : *1*

(A) ₹ 5,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 15,00,000 (D) ₹ 10,00,000

**14.** (क) अजित, बिस्वास तथा चित्रा एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 30 सितंबर, 2024 को बिस्वास की मृत्यु हो गई। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। पिछले स्थिति विवरण की तिथि से उसकी मृत्यु की तिथि तक लाभ में बिस्वास के भाग की गणना विक्रय के आधार पर की जाएगी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विक्रय की राशि ₹ 24,00,000 थी तथा 1 अप्रैल, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक यह राशि ₹ 15,00,000 थी। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ ₹ 2,40,000 था। मृत्यु की तिथि तक लाभों में बिस्वास का भाग था : *1*

(A) ₹ 11,250 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 45,000 (D) ₹ 22,500

**अथवा**

(ख) ईशा, जूली तथा कविता एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है। 12 जून, 2024 को कविता की मृत्यु हो गई। पिछले स्थिति विवरण की तिथि से उसकी मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभों में उसके भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी। पिछले वर्ष का लाभ ₹ 6,00,000 था। मृत्यु की तिथि तक लाभ में कविता का भाग था : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 50,000

**13.** (a) Tavish, Umesh and Varun were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Tavish retired. Umesh and Varun decided to share profits and losses in future in the ratio of 5 : 3. The gaining share of Umesh will be : *1*

(A) $\frac{21}{72}$ (B) $\frac{11}{72}$ (C) $\frac{45}{72}$ (D) $\frac{32}{72}$

**OR**

(b) Asit, Sonu and Hina were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. Asit retired and the balance in his capital account after making necessary adjustments on account of reserves and revaluation of assets and liabilities was ₹ 40,00,000. Sonu and Hina agreed to pay him ₹ 45,00,000 in full settlement of his claim. The value of goodwill of the firm was : *1*

(A) ₹ 5,00,000 (B) ₹ 20,00,000

(C) ₹ 15,00,000 (D) ₹ 10,00,000

**14.** (a) Ajit, Biswas and Chitra were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. Biswas died on $30^{th}$ September, 2024. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. Biswas's share of profits till the date of death from the last Balance Sheet date, was to be calculated on the basis of sales. Sales for the year ended $31^{st}$ March, 2024 amounted to ₹ 24,00,000 and that from $1^{st}$ April, 2024 to $30^{th}$ September, 2024 amounted to ₹ 15,00,000. The profits for the year ended $31^{st}$ March, 2024 were ₹ 2,40,000. Biswas's share of profits till the date of his death was : *1*

(A) ₹ 11,250 (B) ₹ 70,000

(C) ₹ 45,000 (D) ₹ 22,500

**OR**

(b) Isha, Julie and Kavita were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. On $12^{th}$ June, 2024, Kavita died. Her share in the profits of the firm from the last Balance Sheet till the date of death was to be calculated on the basis of last year's profit. Last year's profits were ₹ 6,00,000. Kavita's share of profit till the date of her death was : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 40,000 (D) ₹ 50,000

15. याचित पूँजी का वह भाग जो अंशधारकों से वास्तव में प्राप्त कर लिया गया है, कहलाता है ________ । *1*

(A) निर्गमित पूँजी (B) संचित पूँजी

(C) प्रदत्त पूँजी (D) नाममात्र/पंजीकृत पूँजी

16. (क) 1 अप्रैल, 2024 को ब्राइट लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 20,000, 11% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% प्रीमियम पर किया, जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है। ऋणपत्रों के निर्गमन पर हुई हानि थी : *1*

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 4,00,000

(C) ₹ 20,00,000 (D) ₹ 40,00,000

**अथवा**

(ख) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के दिशानिर्देशों के अनुसार अंशों के आबंटन के लिए न्यूनतम अभिदान ________ पूँजी के 90% से कम नहीं हो सकता। *1*

(A) संचित (B) निर्गमित

(C) नाममात्र/पंजीकृत (D) अभिदत्त

17. अमन, सुमन तथा तनवी एक फर्म में साझेदार थे तथा 9 : 8 : 7 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 1 अप्रैल, 2024 से उन्होंने भविष्य के लाभ-हानि 7 : 9 : 8 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय किया। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्नलिखित दर्शा रहा था :

(i) ₹ 24,00,000 का आकस्मिक संचय।

(ii) लाभ-हानि खाते में ₹ 12,00,000 का क्रेडिट शेष।

फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 42,00,000 किया गया तथा परिसम्पत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप ₹ 6,00,000 की हानि हुई। साझेदार आकस्मिक संचय तथा लाभ-हानि खाते के शेष को बाँटना नहीं चाहते थे। उन्होंने यह भी निर्णय लिया कि परिसंपत्तियों तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकित मूल्यों का लेखा पुस्तकों में नहीं किया जाएगा।

उपर्युक्त को प्रभावी बनाने के लिए एक एकल समायोजन प्रविष्टि कीजिए। अपने कार्य को स्पष्ट रूप से दर्शाइए। *3*

**15.** That portion of the called-up capital which has been actually received from the shareholders is called : *1*

(A) Issued Capital (B) Reserve Capital

(C) Paid-up Capital (D) Nominal/Registered Capital

**16.** (a) On 1st April, 2024, Bright Ltd. issued 20,000, 11% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 10%. Loss on issue of debentures was : *1*

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 4,00,000

(C) ₹ 20,00,000 (D) ₹ 40,00,000

**OR**

(b) Minimum subscription for allotment of shares as per Securities and Exchange Board of India (SEBI) guidelines cannot be less than 90% of __________ capital. *1*

(A) Reserve (B) Issued

(C) Nominal/Registered (D) Subscribed

**17.** Aman, Suman and Tanvi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 9 : 8 : 7. They decided to share future profits and losses in the ratio of 7 : 9 : 8 with effect from 1st April, 2024. Their Balance Sheet as at 31st March, 2024 showed :

(i) Contingency Reserve of ₹ 24,00,000.

(ii) Credit Balance of ₹ 12,00,000 in Profit and Loss Account.

Goodwill of the firm was valued at ₹ 42,00,000 and Revaluation of assets and liabilities resulted in a loss of ₹ 6,00,000. The partners did not want to distribute the Contingency Reserve and the Balance of the Profit and Loss Account. They also decided that revalued values of assets and liabilities were not to be recorded in the books.

Pass a single adjustment entry to give effect to the above. Show your workings clearly. *3*

**18.** विशाल तथा पुलकित एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनके स्थिति विवरण का उद्धरण निम्नलिखित प्रकार से है :

**31 मार्च, 2024 को विशाल तथा पुलकित का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| निवेश उतार-चढ़ाव कोष | 5,00,000 | निवेश | 50,00,000 |
| कामगार क्षतिपूर्ति कोष | 25,00,000 | | |

1 अप्रैल, 2024 को, तरुण को निम्नलिखित शर्तों पर फर्म के लाभों में $\frac{1}{10}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया :

(i) निवेशों का बाज़ार मूल्य ₹ 44,00,000 था।

(ii) कामगार क्षतिपूर्ति के खाते के दावे का अनुमान ₹ 25,00,000 लगाया गया।

तरुण के प्रवेश की तिथि पर निवेश उतार-चढ़ाव कोष तथा कामगार क्षतिपूर्ति कोष के लेखांकन के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**19.** (क) मल्लर्क लिमिटेड ने नरोहा लिमिटेड से ₹ 40,00,000 पुस्तक मूल्य की परिसंपत्तियों का क्रय किया तथा ₹ 5,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण किया। यह सहमति हुई कि ₹ 36,00,000 के क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 7% ऋणपत्रों को 20% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया जाए।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए मल्लर्क लिमिटेड की पुस्तकों में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) सन्लॉक लिमिटेड ने मूनडॉक लिमिटेड से ₹ 50,00,000 पुस्तक मूल्य की परिसंपत्तियों का क्रय किया तथा ₹ 6,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण किया। इसने क्रय प्रतिफल का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 46,000, 8% ऋणपत्रों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करके किया।

सन्लॉक लिमिटेड की पुस्तकों में रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *3*

**18.** Vishal and Pulkit were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. The following is the extract of their Balance Sheet as at 31st March, 2024.

**Balance Sheet of Vishal and Pulkit as at 31st March, 2024**

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Investment Fluctuation Fund | 5,00,000 | Investments | 50,00,000 |
| Workmen Compensation Fund | 25,00,000 | | |

On 1st April, 2024, Tarun was admitted as a new partner for $\frac{1}{10}$th share in the profits of the firm on the following terms :

(i) Market value of investments was ₹ 44,00,000.

(ii) Claim on account of Workmen Compensation was estimated at ₹ 25,00,000.

Pass necessary journal entries for treatment of Investment Fluctuation Fund and Workmen Compensation Fund on the date of Tarun's admission. *3*

**19.** (a) Mallark Ltd. purchased assets of book value ₹ 40,00,000 and took over liabilities of ₹ 5,00,000 from Naroha Ltd. It was agreed that the purchase consideration, ₹ 36,00,000 be paid by issuing 7% debentures of ₹ 100 each at a premium of 20%.

Record the journal entries in the books of Mallark Ltd. for the above transactions. *3*

**OR**

(b) Sunlock Ltd. purchased assets of book value ₹ 50,00,000 and took over liabilities of ₹ 6,00,000 from Moondock Ltd. It paid the purchase consideration by issue of 46,000, 8% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10%.

Record the journal entries in the books of Sunlock Ltd. *3*

**20.** (क) 1 अप्रैल, 2024 को अभय तथा सुजोय ने क्रमश: ₹ 80,00,000 तथा ₹ 60,00,000 की पूँजी के साथ एक साझेदारी में प्रवेश किया। साझेदारों ने अपने पूँजी योगदान के अनुपात में लाभ विभाजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने वर्ष के दौरान क्रमश: ₹ 6,00,000 तथा ₹ 4,00,000 का आहरण किया। साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार साझेदारों से आहरण पर 10% वार्षिक ब्याज लिया जाता था। सुजोय द्वारा अभय के लाभ के हिस्से की न्यूनतम गारंटी प्रति वर्ष ₹ 3,50,000 दी गई थी।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 6,50,000 था।

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) सोनिया तथा श्रुति एक फर्म में साझेदार थीं तथा 5 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 1 अप्रैल, 2023 को उनके स्थायी पूँजी खातों में क्रमश: ₹ 25,00,000 तथा ₹ 15,00,000 का शेष था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 24,00,000 था। उनके लाभ के भाग की गणना कीजिए यदि :

(i) साझेदारी संलेख पूँजी पर ब्याज के भुगतान के लिए मूक है।

(ii) साझेदारी संलेख पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज प्रदान करता है। *3*

**21.** सीडी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 2,000, 12% ऋणपत्रों को ₹ 10 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्नलिखित प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 50 प्रति ऋणपत्र

आबंटन पर – ₹ 60 प्रति ऋणपत्र (प्रीमियम सहित)

ऋणपत्र पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गए तथा संपूर्ण धनराशि यथावत् प्राप्त हो गई।

सीडी लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। *4*

**22.** गोपाल, हीरा तथा इकबाल एक फर्म में साझेदार थे तथा लाभ-हानि का विभाजन बराबर-बराबर करते थे। 1 अप्रैल, 2022 को इकबाल की मृत्यु हो गई। मृत्यु की तिथि पर इकबाल के निष्पादक को अंतिम देय राशि ₹ 4,00,000 थी। 31 मार्च, 2023 से शुरू करके निष्पादक को ₹ 2,00,000 की दो बराबर किस्तों में 10% वार्षिक ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। खाते प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद किए जाते हैं।

पूर्ण रूप से भुगतान किए जाने तक इकबाल के निष्पादक का खाता तैयार कीजिए। *4*

**20.** (a) Abhay and Sujoy entered into partnership on 1st April, 2024 with capitals of ₹ 80,00,000 and ₹ 60,00,000 respectively. The partners decided to share profits in the ratio of their capital contribution. They withdrew ₹ 6,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively during the year. The partners were charged interest on drawings @ 10% per annum as per the provisions of the partnership deed. Abhay's share of profit was guaranteed by Sujoy at a minimum of ₹ 3,50,000 per annum.

The profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 amounted to ₹ 6,50,000.
Prepare Profit and Loss Appropriation Account of the firm for the year ended 31st March, 2024. *3*

**OR**

(b) Sonia and Shruti were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3. On 1st April, 2023 the balance in their fixed capital accounts were ₹ 25,00,000 and ₹ 15,00,000 respectively. The profit of the firm for the year ended 31st March, 2024 was ₹ 24,00,000. Calculate their share of profit if :

(i) the partnership deed is silent as to the payment of interest on capital.

(ii) the partnership deed provides for interest on capital @ 10% per annum. *3*

**21.** CD Ltd. invited applications for issuing 2,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 10 per debenture. The amount was payable as follows :

On Application – ₹ 50 per debenture
On Allotment – ₹ 60 per debenture (including premium)

The debentures were fully subscribed, and all money was duly received. Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of CD Ltd. *4*

**22.** Gopal, Heera and Iqbal were partners in a firm sharing profits and losses equally. Iqbal died on 1st April, 2022. Final dues payable to Iqbal's executor as on the date of death amounted to ₹ 4,00,000. Starting from 31st March, 2023, the executor was to be paid in two equal annual instalments of ₹ 2,00,000 each, with interest @ 10% per annum. Accounts are closed on 31st March every year.
Prepare Iqbal's executor's account till he is finally paid. *4*

**23.** ऋषिका तथा शिविका एक फर्म में साझेदार थीं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करती थीं। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को ऋषिका तथा शिविका का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | उपकरण | 45,00,000 |
| ऋषिका | 30,00,000 | | निवेश | 5,00,000 |
| शिविका | 20,00,000 | 50,00,000 | देनदार | 35,00,000 |
| शिविका के पति का ऋण | | 5,00,000 | स्टॉक | 8,00,000 |
| लेनदार | | 40,00,000 | बैंक में नगद | 2,00,000 |
| | | 95,00,000 | | 95,00,000 |

उपर्युक्त तिथि को फर्म का विघटन हो गया तथा निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) उपकरणों को लेनदारों को उनके खाते के पूर्ण निपटान में दे दिया गया।

(ii) निवेश को पुस्तक मूल्य के 20% लाभ पर बेच दिया गया।

(iii) देनदारों से पूर्ण राशि प्राप्त हुई।

(iv) ऋषिका ने स्टॉक 50% बट्टे पर ले लिया।

(v) वास्तविक वसूली व्यय राशि ₹ 2,00,000 थी जिनका भुगतान फर्म ने किया।

वसूली खाता तैयार कीजिए। *6*

**23.** Rishika and Shivika were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2024 stood as follows :

**Balance Sheet of Rishika and Shivika as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Equipment | 45,00,000 |
| Rishika | 30,00,000 | | Investments | 5,00,000 |
| Shivika | 20,00,000 | 50,00,000 | Debtors | 35,00,000 |
| Shivika's Husband's Loan | | 5,00,000 | Stock | 8,00,000 |
| Creditors | | 40,00,000 | Cash at Bank | 2,00,000 |
| | | 95,00,000 | | 95,00,000 |

The firm was dissolved on the above date and the following transactions took place :

(i) Equipments were given to creditors in full settlement of their account.

(ii) Investments were sold at a profit of 20% on its book value.

(iii) Full amount was collected from debtors.

(iv) Stock was taken over by Rishika at 50% discount.

(v) Actual expenses of realisation amounted to ₹ 2,00,000 which were paid by the firm.

Prepare Realisation Account. *6*

**24.** (क) अथर्व तथा अनमोल एक फर्म में साझेदार थे तथा 5 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को अथर्व तथा अनमोल का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 14,00,000 |
| अथर्व 8,00,000 | | स्टॉक | 4,90,000 |
| अनमोल 4,00,000 | 12,00,000 | देनदार | 5,60,000 |
| सामान्य संचय | 3,50,000 | नगद | 10,000 |
| लेनदार | 9,10,000 | | |
| | 24,60,000 | | 24,60,000 |

1 अप्रैल, 2024 को निम्न शर्तों पर सूर्या को फर्म के लाभों में $\frac{2}{7}$ भाग के लिए एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश दिया गया :

(i) अथर्व, अनमोल तथा सूर्या के मध्य नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 1 : 2 होगा।

(ii) स्थायी परिसम्पत्तियों को 10% कम किया जाएगा।

(iii) स्टॉक का ₹ 4,20,000 में विक्रय कर दिया गया।

(iv) सूर्या अपनी पूँजी के लिए ₹ 3,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए ₹ 2,00,000 नगद लाएगा।

(v) व्यवसाय में सूर्या की पूँजी के आधार पर पुराने साझेदारों के पूँजी खातों का समायोजन किया जाएगा, जैसी भी स्थिति हो पुराने साझेदारों द्वारा वास्तविक धनराशि का भुगतान किया जाएगा अथवा वे नगद लाएँगे।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

**अथवा**

**24.** (a) Atharv and Anmol were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2024 was as follows :

**Balance Sheet of Atharv and Anmol as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Fixed Assets | 14,00,000 |
| Atharv | 8,00,000 | | Stock | 4,90,000 |
| Anmol | 4,00,000 | 12,00,000 | Debtors | 5,60,000 |
| General Reserve | | 3,50,000 | Cash | 10,000 |
| Creditors | | 9,10,000 | | |
| | | 24,60,000 | | 24,60,000 |

On 1st April, 2024, Surya was admitted as a new partner for $\frac{2}{7}$th share in the profits of the firm on the following terms :

(i) The new profit sharing ratio between Atharv, Anmol and Surya will be 4 : 1 : 2.

(ii) Fixed Assets were to be reduced by 10%.

(iii) Stock was sold at ₹ 4,20,000.

(iv) Surya shall bring ₹ 3,00,000 as capital and ₹ 2,00,000 for his share of goodwill premium in cash.

(v) Capital accounts of old partners be adjusted on the basis of Surya's capital in the business, actual cash to be paid off to, or brought in by the old partners, as the case may be.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

**OR**

(ख) चंदन, दीपक तथा एल्विश एक फर्म में साझेदार थे तथा 1 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 31 मार्च, 2024 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2024 को चंदन, दीपक तथा एल्विश का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 27,00,000 |
| चंदन | 7,00,000 | | स्टॉक | 3,00,000 |
| दीपक | 5,00,000 | | देनदार | 2,00,000 |
| एल्विश | 3,00,000 | 15,00,000 | नगद | 1,00,000 |
| सामान्य संचय | | 4,50,000 | | |
| लेनदार | | 13,50,000 | | |
| | | 33,00,000 | | 33,00,000 |

1 अप्रैल, 2024 को चंदन निम्न शर्तों पर फर्म से सेवानिवृत्त हो गया :

(i) स्थायी परिसम्पत्तियों पर 10% मूल्यह्रास लगाया जाएगा।

(ii) ₹ 30,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 6,00,000 किया गया तथा सेवानिवृत्त साझेदार का भाग, शेष साझेदारों के पूँजी खातों द्वारा समायोजित किया जाएगा।

(iv) चंदन को दीपक तथा एल्विश द्वारा लाई गई नगदी से इस प्रकार भुगतान किया जाएगा कि उनकी पूँजी उनके नए लाभ विभाजन अनुपात के समानुपातिक हो जाए।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए। *6*

**25.** खातों के नोट्स के साथ 31 मार्च, 2024 को संकल्प लिमिटेड का स्थिति विवरण, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार निम्न प्रकार से है :

**31 मार्च, 2024 को संकल्प लिमिटेड का स्थिति विवरण (उद्धरण)**

| विवरण | नोट सं. | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | |
| 1. अंशधारक निधियाँ | | | |
| (क) अंश पूँजी | 1. | 29,80,000 | 25,00,000 |

(b) Chandan, Deepak and Elvish were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 2. Their Balance Sheet as at 31st March, 2024 stood as follows :

**Balance Sheet of Chandan, Deepak and Elvish as at 31st March, 2024**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : | | | Fixed Assets | 27,00,000 |
| Chandan | 7,00,000 | | Stock | 3,00,000 |
| Deepak | 5,00,000 | | Debtors | 2,00,000 |
| Elvish | 3,00,000 | 15,00,000 | Cash | 1,00,000 |
| General Reserve | | 4,50,000 | | |
| Creditors | | 13,50,000 | | |
| | | 33,00,000 | | 33,00,000 |

Chandan retired from the firm on 1st April, 2024 on the following terms :

(i) Fixed assets were to be depreciated by 10%.

(ii) Debtors of ₹ 30,000 were to be written off as bad debts.

(iii) Goodwill of the firm was valued at ₹ 6,00,000 and the retiring partner's share is adjusted through the capital accounts of the remaining partners.

(iv) Chandan was paid through cash brought in by Deepak and Elvish in such a way so as to make their capitals proportionate to their new profit sharing ratio.

Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Accounts. *6*

**25.** Following is the extract of the Balance Sheet of Sankalp Ltd. as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 as at 31st March, 2024 along with the notes to accounts :

**Balance Sheet of Sankalp Ltd. as at 31st March, 2024**
**(An extract)**

| Particulars | Note No. | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | |
| 1. Shareholders' Funds | | | |
| (a) Share Capital | 1. | 29,80,000 | 25,00,000 |

**31 मार्च, 2023 को खातों के नोट्स**

| नोट सं. | विवरण | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|
| 1. | अंश पूँजी<br>अधिकृत पूँजी<br>4,50,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक | 45,00,000 |
| | निर्गमित पूँजी<br>2,50,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक | 25,00,000 |
| | अभिदत्त पूँजी<br>अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त<br>2,50,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक<br>अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं | 25,00,000<br>शून्य |
| | | 25,00,000 |

**31 मार्च, 2024 को खातों के नोट्स**

| नोट सं. | विवरण | | 31.03.2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | अंश पूँजी<br>अधिकृत पूँजी<br>4,50,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक | | 45,00,000 |
| | निर्गमित पूँजी<br>3,00,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक | | 30,00,000 |
| | अभिदत्त पूँजी<br>अभिदत्त तथा पूर्ण प्रदत्त<br>2,90,000 समता अंश ₹ 10 प्रत्येक | | 29,00,000 |
| | अभिदत्त लेकिन पूर्ण प्रदत्त नहीं<br>10,000 समता अंश पूर्ण याचित ₹ 10 प्रत्येक | 1,00,000 | |
| | घटा अदत्त याचना<br>10,000 समता अंश ₹ 2 की दर से प्रत्येक अंश | 20,000 | 80,000 |
| | | | 29,80,000 |

### Notes to Accounts as at 31st March, 2023

| Note No. | Particulars | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|
| 1. | Share Capital | |
| | Authorised Capital | |
| | 4,50,000 Equity Shares of ₹ 10 each | 45,00,000 |
| | Issued Capital | |
| | 2,50,000 Equity Shares of ₹ 10 each | 25,00,000 |
| | Subscribed Capital | |
| | Subscribed and fully paid-up | |
| | 2,50,000 Equity Shares of ₹ 10 each | 25,00,000 |
| | Subscribed but not fully paid-up | NIL |
| | | 25,00,000 |

### Notes to Accounts as at 31st March, 2024

| Note No. | Particulars | | 31.03.2024 (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | Share Capital | | |
| | Authorised Capital | | |
| | 4,50,000 Equity Shares of ₹ 10 each | | 45,00,000 |
| | Issued Capital | | |
| | 3,00,000 Equity Shares of ₹ 10 each | | 30,00,000 |
| | Subscribed Capital | | |
| | Subscribed and fully paid-up | | |
| | 2,90,000 Equity Shares of ₹ 10 each | | 29,00,000 |
| | Subscribed but not fully paid-up | | |
| | 10,000 Equity Shares of ₹ 10 each fully called-up | 1,00,000 | |
| | Less Calls-in-Arrears | | |
| | 10,000 Equity Shares @ ₹ 2 per share | 20,000 | 80,000 |
| | | | 29,80,000 |

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) वर्ष 2023 – 24 के दौरान निर्गमित समता अंश पूँजी की राशि थी : *1*

(A) ₹ 2,10,000 (B) ₹ 4,90,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 5,50,000

(ii) उन अंशों की संख्या जिन पर याचित राशि प्राप्त नहीं हुई : *1*

(A) 10,000 (B) 40,000

(C) 50,000 (D) 1,50,000

(iii) 1 अप्रैल, 2024 को संकल्प लिमिटेड ने उन सभी अंशों का हरण कर लिया जिन पर याचित राशि प्राप्त नहीं हुई थी। 'अंश पूँजी खाता' को डेबिट किया जाएगा : *1*

(A) ₹ 20,000 से (B) ₹ 80,000 से

(C) ₹ 1,00,000 से (D) ₹ 1,20,000 से

(iv) अंशों के हरण किए जाने पर 'अंश हरण खाते' में जमा की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 1,20,000

(v) यदि हरण किए गए सभी अंशों को पूर्ण प्रदत्त ₹ 9 प्रति अंश पर पुन:निर्गमित किया जाए, तो 'पूँजी संचय' में जमा की गई राशि होगी : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 70,000

(vi) यदि हरण किए गए अंशों को न्यूनतम पुन:निर्गमन मूल्य पर पुन:निर्गमित किया जाए, तो 'पूँजी संचय खाते' में जमा की गई राशि होगी : *1*

(A) शून्य (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 1,00,000

Answer the following questions :

(i) Equity share capital issued during the year 2023 – 24 amounted to : *1*

(A) ₹ 2,10,000 (B) ₹ 4,90,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 5,50,000

(ii) The number of shares on which the amount called-up was not received were : *1*

(A) 10,000 (B) 40,000

(C) 50,000 (D) 1,50,000

(iii) On $1^{st}$ April, 2024, Sankalp Ltd. forfeited all the shares on which the called-up amount was not received. 'Share Capital Account' will be debited with : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 1,20,000

(iv) On forfeiture of shares, the amount credited to 'Share Forfeiture Account' will be : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 1,20,000

(v) If all the forfeited shares are reissued at ₹ 9 per share fully paid-up, the amount credited to 'Capital Reserve' will be : *1*

(A) ₹ 20,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 70,000

(vi) If the forfeited shares are reissued at a minimum reissue price, the amount credited to 'Capital Reserve A/c' will be : *1*

(A) Nil (B) ₹ 20,000

(C) ₹ 80,000 (D) ₹ 1,00,000

**26.** (क) सेंटुरियन लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 2,00,000 समता अंशों को ₹ 20 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन तथा आबंटन पर
– ₹ 20 प्रति अंश (₹ 17 प्रति अंश प्रीमियम सहित)

प्रथम तथा अंतिम याचना पर
– ₹ 10 प्रति अंश (₹ 3 प्रति अंश प्रीमियम सहित)

3,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा आवेदकों को निम्न प्रकार से अंशों का आबंटन किया गया :

श्रेणी (i) – 2,00,000 अंशों के आवेदकों को 1,50,000 अंश आबंटित किए गए।

श्रेणी (ii) – 1,00,000 अंशों के आवेदकों को 50,000 अंश आबंटित किए गए।

आवेदन तथा आबंटन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम तथा अन्तिम याचना पर देय राशि से कर लिया गया। दीपाली, जिसने 2,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान करने में असफल रही। दीपाली श्रेणी (i) से संबंधित थी। तत्पश्चात् उसके अंशों का हरण कर लिया गया।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए सेंटुरियन लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

जहाँ आवश्यक हो अदत्त याचना खाता तथा अग्रिम याचना खाता खोलिए। *6*

**अथवा**

(ख) 1 अप्रैल, 2023 को रोमेरियो लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 80,00,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया जिनका शोधन 5% प्रीमियम पर किया जाना था। कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम खाते में ₹ 3,00,000 का शेष था।

रोमेरियो लिमिटेड की पुस्तकों में निम्न से संबंधित रोज़नामचा प्रविष्टियाँ दीजिए :

(i) ऋणपत्रों का निर्गमन।

(ii) यह मानते हुए कि ब्याज का भुगतान वार्षिक आधार पर 31 मार्च को किया गया था, 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए ऋणपत्र ब्याज।

(iii) ऋणपत्र ब्याज तथा ऋणपत्रों के निर्गमन हानि को अपलिखित करने के लिए। *6*

**26.** (a) Centurian Ltd. invited applications for issuing 2,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 20 per share. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment

– ₹ 20 per share (including premium ₹ 17 per share)

On First and Final call

– ₹ 10 per share (including premium ₹ 3 per share)

Applications were received for 3,00,000 equity shares and allotment was made to the applicants as follows :

Category (i) – Applicants for 2,00,000 shares were allotted 1,50,000 shares.

Category (ii) – Applicants for 1,00,000 shares were allotted 50,000 shares.

Excess money received on application and allotment was adjusted towards sums due on first and final call. Deepali, who had applied for 2,000 shares, failed to pay the first and final call money. Deepali belonged to Category (i). Her shares were subsequently forfeited.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the Books of Centurion Ltd.

Open Calls-in-Arrears and Calls-in-Advance account, wherever necessary. *6*

**OR**

(b) Romerio Ltd. issued ₹ 80,00,000, 8% debentures of ₹ 100 each on $1^{st}$ April, 2023 at par, redeemable at a premium of 5%. The company had ₹ 3,00,000 in its Securities Premium Account.

Give journal entries in the books of Romerio Ltd. relating to the :

(i) Issue of Debentures.

(ii) Debenture interest for the year ending $31^{st}$ March, 2024 assuming that interest was paid yearly on $31^{st}$ March.

(iii) Writing off Debenture Interest and Loss on Issue of Debentures. *6*

### भाग ख

### विकल्प – I

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

**27.** (क) 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' की वह विधि जो वित्तीय स्थिति तथा प्रचालन परिणामों की प्रवृत्ति तथा दिशा की ओर संकेत करती है, कहलाती है : *1*

(A) अनुपात विश्लेषण

(B) रोकड़ प्रवाह विश्लेषण

(C) सामान्य आकार विवरण

(D) तुलनात्मक विवरण

**अथवा**

(ख) किसी कम्पनी के सामान्य आकार लाभ-हानि विवरण को तैयार करते समय प्रत्येक मद को __________ के एक प्रतिशत के रूप में दर्शाया जाता है। *1*

(A) प्रचालनों से आगम

(B) कुल देयताओं

(C) कुल व्यय

(D) कुल परिसम्पत्तियों

**28.** (क) रोकड़ प्रवाह विवरण __________ के अनुसार तैयार किया जाता है। *1*

(A) लेखांकन मानक 3

(B) लेखांकन मानक 26

(C) कम्पनी अधिनियम, 2013

(D) कम्पनी अधिनियम, 1956

**अथवा**

## PART B
## Option – I
## (Analysis of Financial Statements)

**27.** (a) The tool of 'Analysis of Financial Statements' which indicates the trend and direction of financial position and operating results is : *1*

(A) Ratio Analysis

(B) Cash Flow Analysis

(C) Common Size Statements

(D) Comparative Statements

**OR**

(b) While preparing Common Size Statement of Profit and Loss of a company, each item is expressed as a percentage of _________. *1*

(A) Revenue from operations

(B) Total liabilities

(C) Total expenses

(D) Total assets

**28.** (a) Cash Flow Statement is prepared in accordance with : *1*

(A) Accounting Standard 3

(B) Accounting Standard 26

(C) The Companies Act, 2013

(D) The Companies Act, 1956

**OR**

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ? *1*

(A) माल तथा सेवाओं की बिक्री से प्राप्ति का परिणाम प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह होगा।

(B) लाभांश के भुगतान का परिणाम निवेश गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह होगा।

(C) मशीनरी की बिक्री का परिणाम निवेश गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह होगा।

(D) कर्मचारी हितलाभ व्ययों के भुगतान का परिणाम प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ का बहिर्वाह होगा।

**29.** एक कम्पनी का त्वरित अनुपात 2 : 1 है। निम्नलिखित में से कौन-से लेनदेन का परिणाम इस अनुपात को कम करेगा ? *1*

(A) अदत्त वेतन का भुगतान (B) देनदारों से प्राप्त नगद

(C) लाभ पर माल का विक्रय (D) माल का नगद क्रय

**30.** *कथन I :* ₹ 1,00,000 के निवेश पर ब्याज को ध्यान में रखने के पश्चात् स्नो लिमिटेड ने ₹ 5,00,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया। कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ ₹ 4,00,000 होगा।

*कथन II :* कार्यशील पूँजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ की गणना करने के लिए, निवेश पर ब्याज को शुद्ध लाभ में से घटाया जाता है क्योंकि यह ग़ैर-प्रचालन आय है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

(A) केवल कथन I सत्य है।

(B) केवल कथन II सत्य है।

(C) दोनों कथन असत्य हैं।

(D) दोनों कथन सत्य हैं।

**31.** निम्नलिखित मदों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कंपनी के स्थिति विवरण के मुख्य शीर्षकों तथा उप-शीर्षकों (यदि कोई है) के अन्तर्गत वर्गीकृत कीजिए : *3*

(क) सार्वजनिक जमा

(ख) लाइसेंस तथा फ्रेंचाइज

(ग) अर्जित आय

(b) Which of the following statements is correct ? *1*

(A) Proceeds from sale of goods and services will result in cash outflow from operating activities.

(B) Payment of dividend will result in cash outflow from investing activities.

(C) Sale of machinery will result in cash outflow from investing activities.

(D) Payment of employee benefit expenses will result in cash outflow from operating activities.

**29.** The Quick Ratio of a company is 2 : 1. Which of the following transactions will result in decrease of this ratio ? *1*

(A) Payment of outstanding salary (B) Cash received from debtors

(C) Sale of goods at a profit (D) Purchase of goods for cash

**30.** *Statement I :* Snow Ltd. made a net profit of ₹ 5,00,000 after taking into consideration interest on investment of ₹ 1,00,000. Operating profit before working capital changes would be ₹ 4,00,000.

*Statement II :* To calculate operating profit, before working capital changes, interest on investment is subtracted from net profit because it is a non-operating income.

Choose the correct option from the following : *1*

(A) Only Statement I is true.

(B) Only Statement II is true.

(C) Both the Statements are false.

(D) Both the Statements are true.

**31.** Classify the following items under major heads and sub-heads (if any) in the Balance Sheet of the Company as per Schedule III, Part I of the Companies Act, 2013 : *3*

(a) Public Deposits

(b) Licences and Franchise

(c) Accrued Income

**32.** एके लिमिटेड की निम्नलिखित सूचना से 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि का तुलनात्मक विवरण तैयार कीजिए। *3*

| विवरण | 2023-24 (₹) | 2022-23 (₹) |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 8,00,000 | 4,00,000 |
| अन्य आय | 1,60,000 | 80,000 |
| कर्मचारी हितलाभ व्यय — प्रचालनों से आगम का 50% | | |
| कर दर 50% | | |

**33.** (क) निम्नलिखित सूचना से, ब्याज आवरण अनुपात की गणना कीजिए : *4*

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| कर पश्चात लाभ | 6,30,000 |
| कर दर | 30% |
| 15% ऋणपत्र | 20,00,000 |
| समता अंश पूँजी | 10,00,000 |

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित सूचना से आरम्भिक व्यापारिक प्राप्यों तथा अन्तिम व्यापारिक प्राप्यों की राशि की गणना कीजिए :

व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात = 5 गुना

प्रचालनों से आगम की लागत = ₹ 8,00,000

सकल लाभ अनुपात = 20%

अन्तिम व्यापारिक प्राप्य, आरम्भिक प्राप्यों से ₹ 40,000 अधिक थे।

नगद विक्रय, उधार विक्रय का $\frac{1}{4}$ गुना है। *4*

**32.** From the following information of AK Ltd., prepare a Comparative Statement of Profit and Loss for the year ended 31st March, 2024. *3*

| Particulars | 2023-24 (₹) | 2022-23 (₹) |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | 8,00,000 | 4,00,000 |
| Other Income | 1,60,000 | 80,000 |
| Employee Benefit Expenses — 50% of Revenue from Operations | | |
| Tax rate 50% | | |

**33.** (a) From the following information, calculate Interest Coverage Ratio : *4*

| Particulars | Amount (₹) |
|---|---|
| Profit after Tax | 6,30,000 |
| Tax Rate | 30% |
| 15% Debentures | 20,00,000 |
| Equity Share Capital | 10,00,000 |

**OR**

(b) Calculate the amount of Opening Trade Receivables and Closing Trade Receivables from the following information :

Trade Receivables Turnover Ratio = 5 times

Cost of Revenue from operations = ₹ 8,00,000

Gross Profit Ratio = 20%

Closing Trade Receivables were ₹ 40,000 more than that in the beginning.

Cash sales were $\frac{1}{4}$ times of Credit sales. *4*

**34.** निम्नलिखित सूचना से 'निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए :

| विवरण | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|
| 10% दीर्घकालीन निवेश | 2,50,000 | 4,50,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 8,00,000 | 6,00,000 |
| ख्याति | 1,40,000 | 1,00,000 |
| 'पिनाकल लिमिटेड' के अंशों में निवेश | 14,00,000 | 5,00,000 |
| एकस्व (पेटेन्ट्स) | – | 1,50,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 60,000 लागत की एक मशीन (जिस पर लगाया गया मूल्यह्रास ₹ 18,000 था) को ₹ 48,000 में बेचा गया। वर्ष के दौरान ₹ 60,000 मूल्यह्रास लगाया गया।

(ii) पिनाकल लिमिटेड से ₹ 40,000 का लाभांश प्राप्त हुआ।

(iii) 10% दीर्घकालीन निवेशों पर ₹ 45,000 ब्याज प्राप्त हुआ।

(iv) एकस्व (पेटेन्ट्स) को उनके पुस्तक मूल्य पर बेचा गया। *6*

**भाग ख**

**विकल्प – II**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**27.** यह व्यापक रूप से स्वीकृत सुरक्षा नियंत्रण है। यह डेटाबेस तक पहुँच प्रदान करने के लिए स्टोरेज के बाइनरी कोडिंग प्रारूप का उपयोग करता है। इसे कहा जाता है : *1*

(A) डेटा वॉल्ट (B) पासवर्ड सुरक्षा

(C) डेटा ऑडिट (D) डेटा इंटिग्रिटी

**28.** (क) एक्सेल में 'लेबल' का अर्थ है : *1*

(A) एक टेक्स्ट या विशेष करेक्टर

(B) पंक्तियों, स्तंभों या वर्णनात्मक जानकारी के लिए उपयोग किया जाता है

(C) गणितीय रूप से लेखांकन किया जा सकता है

(D) (A) और (B) दोनों

**अथवा**

**34.** Calculate 'Cash Flows from Investing Activities' from the following information :

| Particulars | 31.03.2024 (₹) | 31.03.2023 (₹) |
|---|---|---|
| 10% Long Term Investments | 2,50,000 | 4,50,000 |
| Plant and Machinery | 8,00,000 | 6,00,000 |
| Goodwill | 1,40,000 | 1,00,000 |
| Investment in shares of 'Pinnacle Ltd.' | 14,00,000 | 5,00,000 |
| Patents | – | 1,50,000 |

*Additional Information :*

(i) A machine costing ₹ 60,000 (depreciation provided thereon ₹ 18,000) was sold for ₹ 48,000. Depreciation charged during the year was ₹ 60,000.

(ii) Dividend received from Pinnacle Ltd. ₹ 40,000.

(iii) Interest received on 10% Long Term Investments ₹ 45,000.

(iv) Patents were sold at their book value. *6*

## PART B
## Option – II
## (Computerised Accounting)

**27.** It is a widely accepted security control. It uses binary coding format of storage to offer access to database. It is known as : *1*

(A) Data vault (B) Password security

(C) Data audit (D) Data integrity

**28.** (a) 'LABELS' in Excel means : *1*

(A) A text or special character

(B) Used for rows, columns or descriptive information

(C) Can be treated mathematically

(D) Both (A) and (B)

**OR**

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा एक्सेल रिबन पर फॉर्मूला टैब पर शामिल ***नहीं*** है ? *1*

(A) फ़ंक्शन लाइब्रेरी (B) डिफाइंड नेम

(C) पेज लेआउट (D) गणना

**29.** (क) वह कोड जो लुप्त दस्तावेज़ों की पहचान करने में सक्षम बनाता है, वह है : *1*

(A) अनुक्रमिक कोड (B) स्मरणीय कोड

(C) वर्णमाला कोड (D) ब्लॉक कोड

**अथवा**

(ख) डेटा आइटम की अनुपस्थिति को एक विशेष मूल्य द्वारा दर्शाया जाता है अर्थात् : *1*

(A) एकल मूल्य (B) स्टोर मूल्य

(C) शून्य मान (D) बहु मूल्य

**30.** बुनियादी सूचना प्रसंस्करण मॉडल का गतिविधि क्रम क्या है ? *1*

(A) डेटा को व्यवस्थित करना, डेटा एकत्र करना और फिर डेटा को संसाधित करना।

(B) डेटा संसाधित करना, डेटा व्यवस्थित करना और फिर डेटा एकत्र करना।

(C) डेटा संसाधित करना, जानकारी संप्रेषित करना और फिर डेटा एकत्र करना।

(D) डेटा एकत्र करना, डेटा व्यवस्थित और संसाधित करना और फिर जानकारी संप्रेषित करना।

**31.** ग्राफ़ का उपयोग करने के लाभ लिखिए। *3*

**32.** किन्हीं तीन आधारों पर अनुरूपित और विशिष्ट सॉफ्टवेयरों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

**33.** (क) लेखांकन चक्र के विभिन्न चरण कौन-से हैं जिन्हें कंप्यूटर के उपयोग के माध्यम से संसाधित किया जा सकता है ? *4*

**अथवा**

(ख) लेखांकन सॉफ्टवेयर के आठ उपयोगों की सूची बनाइए। *4*

**34.** 'पिवट टेबल' से क्या अभिप्राय है ? इसके क्या उपयोग हैं ? *6*

(b) Which of the following is ***not*** contained on formula tab on Excel ribbon ? *1*

(A) Function library (B) Defined names

(C) Page layout (D) Calculations

**29.** (a) The code that enables identification of missing documents is : *1*

(A) Sequential code (B) Mnemonic code

(C) Alphabetic code (D) Block code

**OR**

(b) Absence of data item is represented by a special value i.e. : *1*

(A) Single value (B) Store value

(C) Null value (D) Multi value

**30.** What is the activity sequence of the basic information processing model ? *1*

(A) Organise data, collect data and then process data.

(B) Process data, organise data and then collect data.

(C) Process data, communicate information and then collect data.

(D) Collect data, organise and process data and then communicate information.

**31.** Write the advantages of using Graphs. *3*

**32.** Differentiate between tailored and specific softwares on any three basis. *3*

**33.** (a) What are the different phases of accounting cycle which can be processed through the use of computers ? *4*

**OR**

(b) List eight uses of accounting softwares. *4*

**34.** What is meant by 'Pivot Table' ? What are its uses ? *6*